A

SAMAGRA SHIKSHA, KERALA
SECOND TERM EVALUATION 2022-2023

Third Language

STD. IX HINDI **Time : 90 Minutes**
Score : 40

निर्देश :

- पहला पंद्रह मिनिट कूल ऑफ़ टाइम है। इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

सूचना : 'गाँधीजी गाँधीजी कैसे बने' लेख का यह अंश पढ़ें और 1 से 4 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> दरअसल इन सबके पीछे कोई सनक नहीं बल्कि गाँधीजी की यह सोच थी कि जब आपके देश के अधिकांश लोग गरीब हो तो आपको फिज़ूलखर्ची और दिखावा नहीं करना चाहिए। अगर आप सचमुच अपने देश और देशवासियों से प्यार करते हैं तो आपको कम से कम में काम चलाना चाहिए। और सादगी का महत्व समझना चाहिए।

1. सही विकल्प चुनकर लिखें। 1

   क) वह + के = उसे   ख) वह + को = उसे

   ग) वह + का = उसे   घ) वह + की = उसे

2. गाँधीजी के अनुसार देश के अधिकांश लोग किस स्थिति के हैं? 1

3. देशवासियों से प्यार करनेवालों को क्या करना चाहिए? 2

4. 'सादगी का महत्व' विषय पर लघु लेख लिखें। 4

अथवा

गाँधीजी के अनुभवों और विचारों को समझाते हुए अपने मित्र के नाम पत्र लिखें।

सूचना : 'दीप जलाओ' कविता की पंक्तियाँ पढ़ें और 5 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> आज मुक्त कर मन के बंधन
> करो ज्योति का जय का वंदन
> स्नेह अतुल धन, धन्य यह भुवन
> बनकर स्नेहगीत लहराओ।

5. 'संसार' के लिए कवितांश में प्रयुक्त शब्द कौन-सा है? 1

   क) बंधन   ख) ज्योति   ग) भुवन   घ) वंदन

6. कवि की राय में 'अतुल धन' क्या है? 1

7. यह आशयवाली पंक्तियाँ कवितांश से चुनकर लिखें। 2

'मन के बंधनों से आज मुक्ति पाएँ और जीत के प्रकाश का नमन करें।'

8. कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का आशय लिखें। 4

सूचना : 'नंगे पैर' कहानी का यह अंश पढ़ें और 9 से 12 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> पोस्टमैन ने बेबी के पैरों की ओर देखा और देर तक मौन रहा। इस लड़की को भगवान ने पैर क्यों नहीं दिए? ऐसा शायद उसे लगा होगा। वह कुछ बोला नहीं, पर उसकी आँखों से कुछ यही भाव झलका। उसने बहुत ही कोमल तथा दबी आवाज़ में कहा, "लगने दो बहन! पोस्टमैन का काम जिस-तिस की डाक को जिस-तिस के हाथ में सौंपने का है- अहाते में फेंकने का नहीं!"

9. '**दबी आवाज़**' -इसमें विशेषण शब्द कौन-सा है? 1

10. 'बेबी' के बदले 'पोस्टमैन' का प्रयोग करके वाक्य की पूर्ति करें। 1

बेबी आने लगी। पोस्टमैन ....

11. वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें। 2

(प्रतीक्षा के साथ, कमरे के)



12. प्रस्तुत प्रसंग पर बेबी और पोस्टमैन के बीच की बातचीत लिखें। 4

अथवा

उपर्युक्त प्रसंग के आधार पर पोस्टमैन की डायरी लिखें।

सूचना : 'तूफ़ानों की ओर घुमा दो नाविक' कविता की पंक्तियाँ पढ़ें और 13 से 15 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

यह असीम, निज सीमा जाने
सागर भी तो यह पहचाने
मिट्टी के पुतले मानव ने
कभी न मानी हार
तूफ़ानों की ओर घुमा दो नाविक निज पतवार।

13. यहाँ सागर की कौन-सी विशेषता बताई गई है? 1

क) अनिश्चित ख) असीम

ग) लघु घ) निश्चित

14. किसने कभी पराजय स्वीकार नहीं किया है? 1

15. यह आशयवाली पंक्तियाँ चुनकर लिखें। 2

सीमाहीन समुद्र को भी अपनी शक्ति और दुर्बलता को पहचानना है।

सूचना : 'गाँधीजी गाँधीजी कैसे बने' लेख का यह अंश पढ़ें और 16 से 19 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

दक्षिण अफ्रीका में कुर्ता-धोती पहनने लगे और भारत आए तो एक बार मदुरै गए भाषण देने। वहाँ एक औरत को देखा जो तालाब में अपनी धोती धो रही थी। लेकिन कैसे? आधी पहनती थी और बाकी आधी धोती थी। फिर धुली हुई को पहन लेती थी और शेष को धोती थी। उसकी हालत देखकर गाँधीजी भीतर तक हिल गए और बस उसी समय उन्होंने फैसला कर लिया अब सिर्फ एक धोती ही पहनूँगा।

16. गाँधीजी क्यों मदुरै गए? 1

क) घूमने के लिए ख) पढ़ने के लिए

ग) दोस्त से मिलने के लिए घ) भाषण देने के लिए

17. किसकी हालत देखकर गाँधीजी भीतर तक हिल गए? 1

18. गाँधीजी ने सिर्फ एक धोती पहनने का फैसला किया। क्यों? 2

19. गाँधीजी का कथन है- "मेरा जीवन ही मेरा संदेश है"। इसपर अपना मत लिखें। 2

सूचना : 'नंगे पैर' कहानी का यह अंश पढ़ें और 20 से 22 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> हमेशा आनेवाला मोची जब घर आया, तब बेबी ने उसे पास बुलाया और पाँच रुपया उसके हाथ में देकर धीमी आवाज़ में कहा, 'मुझे इसके जूते बना दो।' हरीबा ने सिर हिलाकर कहा, 'बना दूँगा, बहिन! नाप ले लूँ?'

20. 'हरीबा' कौन है? 1

क) कपड़ा धोनेवाला
ख) जूता बनानेवाला
ग) सामान बेचनेवाला
घ) खेती करनेवाला

21. बेबी किसके लिए जूता बनवाना चाहती है? 1

22. विश्व हिंदी दिवस 10 जनवरी को मनाया जाता है। इस अवसर पर आपके स्कूल में 'नंगे पैर' कहानी का नाटकीकरण होनेवाला है। इसके लिए एक **पोस्टर** तैयार करें। 4

अथवा

कहानी के आधार पर सही मिलान करें।

बैसाखियों के सहारे बेबी	जूता तैयार किया।
पोस्टमैन का काम	पोस्टमैन के हाथ में थमा दिया।
हरीबा ने	धीरे-धीरे चलती है।
बेबी ने जूते का बंडल	लोगों को डाक सौंपना है।

■